संख्या–cm-134
12/04/2022

मुख्यमंत्री ने हजरत मखदुम शेख सर्फुद्दीन अहमद याहिया मनेरी के इबादतगाह पर मत्था टेका और सैयद गुलाम अली के मजार पर चादरपोशी की

पटना, 12 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिलान्तर्गत राजगीर स्थित मखदुम कुंड का परिभ्रमण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हजरत मखदुम शेख सर्फुद्दीन अहमद याहिया मनेरी के इबादतगाह पर मत्था टेका और सैयद गुलाम अली के मजार पर चादरपोशी कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री का स्वागत मोहम्मद अकील अख्तर ने साफा बांधकर किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मखदुम कुंड के चेयरमैन मो0 मुन्ना मलिक, मखदुम कुंड के सचिव मो0 आफताब आलम, मखदुम कुंड के खादिम मो0 जावेद, मो0 कफील (बाबा), मो0 वकील सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******